भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
सैन्य कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 146
02 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

रक्षा बलों में महिलाओं की संख्या

146. श्री वी.के.श्रीकंदन :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का रक्षा बलों में महिलाओं की संख्या में वृद्धि करने का विचार है ;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;
(ग) क्या सरकार इस दिशा में कार्य कर रही है ; और
(घ) यदि हां, तो उन क्षेत्रकों का ब्यौरा क्या है जहां महिलाओं की संख्या में वृद्धि किए जाने का प्रस्ताव है ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) से (ड.): जी, हां । सशस्त्र बलों में महिलाओं की भर्ती को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार और तीनों सेनाओं द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं जिनका उल्लेख नीचे किया गया है :-

(i) <u>महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन</u>
(कक) 12 सशस्त्र बलों एवं सेनाओं में (सेना चिकित्सा कोर, सेना दंत्य चिकित्सा कोर और सेना नर्सिंग सेवा के अलावा) जहां उन्हें कमीशन किया जाता है, महिला अधिकारियों (डब्ल्यूओ) को स्थायी कमीशन प्रदान किया जा रहा है
(कख) महिला अधिकारियों की तैरते विलेटों में जंगी जहाजों तथा भारतीय नौसेना में विशिष्ट नौसेना प्रचालन अधिकारी (एनएओ) के रूप में भी नियुक्ति की जा रही है ।
(कग) वर्ष 2015 में भारतीय वायु सेना द्वारा शुरू की गई सभी समाघात भूमिकाओं में महिला अधिकारियों की भर्ती करने के लिए प्रयोगात्मक योजना को एक स्थायी योजना के रूप में वर्ष 2022 में विनियमित किया गया है ।

(ii) **<u>राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में महिला कैडेट.</u>**

सशस्त्र सेनाओं ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में महिला अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश आरंभ कर दिया है । महिला कैडेटों के पहले, दूसरे, तीसरे और चौथे बैच ने क्रमशः जुलाई, 2022, जनवरी, 2023, जुलाई, 2023 और जनवरी, 2024 से एनडीए में प्रशिक्षण आरंभ किया है । इसके लिए यह संगठन सभी आवश्यक प्रशासनिक, प्रशिक्षण तथा नीतिगत परिवर्तन कार्यान्वित करने के लिए समावेशी उपाय सुनिश्चित कर रहा है ।

(iii) **<u>कमान नियुक्ति.</u>** महिला अधिकारियों को कर्नल (चयनित ग्रेड) रैंक प्रदान के लिए विचार किया जा रहा है और उन्हें कमान में नियुक्तियां दी जा रही हैं । उन अधिकारियों को जो संक्रमण अवधि के दौरान अनिवार्य कैरियर पाठ्यक्रम पूरा नहीं कर सके, कैरियर उन्नयन में किसी बाधा को दूर करने के लिए कतिपय छूट भी प्रदान की गई है ।

(iv) अग्निवीर के रूप में महिलाओं का प्रवेश भी सभी तीनों सेनाओं में शुरू हो गया है ।

*****